हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 17 नवंबर 2025

06 स्वीप गतिविधियों को लेकर प्राचार्यों की बैठक...



07 ऑडिटोरिम में परिचय सम्मेलन का आयोजन...






## खबर संक्षेप

### 6 दिवसीय कार्यशाला आदर्श कॉलेज में आज से

**विदिशा।** शासकीय आदर्श कॉलेज जाफरखेड़ी में आज सोमवार से 6 दिवसीय विशेष कार्यशाला की शुरुआत हो रही है। यह कार्यशाला 17 से 22 नवंबर तक आयोजित की जा रही है। कार्यशाला में सोमवार को उद्घाटन अवसर पर एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे विद्यार्थियों को पुलिस सेवा में उपलब्ध अवसरों, चयन प्रक्रिया और आवश्यक कौशलों के बारे में मार्गदर्शन देंगे। कार्यशाला के प्रत्येक दिन अलग-अलग पुलिस अधिकारी एवं विषय विशेषज्ञ विद्यार्थियों को पुलिस भर्ती की तैयारी, शारीरिक दक्षता, लिखित परीक्षा, साक्षात्कार से जुड़े गुर सिखाएंगे। कार्यशाला में विदिशा जिले के सभी विद्यार्थी निःशुल्क भाग ले सकते हैं।

### ऑपरेशन मुस्कान की बड़ी सफलता

**विदिशा।** ऑपरेशन मुस्कान के तहत कोतवाली पुलिस ने अपहता 16 वर्षीय नाबालिग बालिका को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। 19 जुलाई को कोतवाली क्षेत्र से बालिका के अपहरण की सूचना पर मामला दर्ज किया गया था। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने 15 नवंबर को बालिका को मुंबई (महाराष्ट्र) से सुरक्षित दस्तयाब कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की।

### एक प्रकरण में जिलाबदर के आदेश जारी

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने एक प्रकरण में जिला बदर के आदेश जारी कर दिए हैं। सुमित उर्फ सन्तू पित्ता स्व.जगदीश बाल्मिकी उम्र 31 साल निवासी वार्ड नंबर 9 सिंधी कालोनी गंजबासौदा शहर के विरुद्ध थाना गंजबासौदा शहर में विभिन्न धाराओं के 11 आपराधिक प्रकरण एवं 4 प्रतिबंधात्मक कार्यवाही पंजीबद्ध होना पाए गए। आरोपी के आपराधिक कृत्यों से क्षेत्र में असुरक्षा का भय व्याप्त होने एवं उसके विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के बाद भी इसके आचरण में कोई सुधार नहीं हो रहा है।

### उन्नत पशुपालन प्रशिक्षण कार्यक्रम जारी

**विदिशा।** ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत पशुपालन डेयरी व्यवसाय गतिविधियों से जुड़े समूहों के सदस्यों को पशुपालन विषय पर सीएलएफ में प्रशिक्षण का आयोजन करने की तिथियां जारी हुई। ग्यारसपुर विकासखंड के गुलाबगंज पंचायत भवन में 19 एवं 20 नवंबर को तथा कुरवाई के आजीविका भवन में 25 व 26 नवंबर को जबकि गंजबासौदा के आजीविका भवन में 27 और 28 नवंबर को प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। हरेक प्रशिक्षण कार्यक्रम में 35- 35 प्रशिक्षणार्थी शामिल होंगे।

### कैंप में नरवाई प्रबंधन की जानकारी साझा की

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर जिलेभर में नरवाई जलाने के दुष्परिणामों से किसानों को अवगत कराने के लिए विशेष जन-जागरूकता कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। इन कैंपों में कृषि विभाग के विशेषज्ञ, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी और पंचायत प्रतिनिधि किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के लाभ समझा रहे हैं। बताया गया कि नरवाई जलाने से मिट्टी की उर्वरक क्षमता घटती है, उपयोगी जीवाणु नष्ट होते हैं और वायु प्रदूषण बढ़ता है। इसके विकल्प के रूप में हैप्पी सीडर, रोटावेटर, मल्चर जैसी तकनीकों से अवशेष प्रबंधन की सलाह दी गई। किसानों को ये उपकरण किराए पर उपलब्ध कराने की भी व्यवस्था की गई है। कृषि वैज्ञानिकों द्वारा जीवामृत, कम्पोस्ट खाद निर्माण और प्राकृतिक खेती में अवशेष उपयोग के तरीके भी बताए गए। बड़ी संख्या में किसानों ने कैंप में भाग लेकर नरवाई न जलाने का संकल्प लिया। प्रशासन ने ऐसे कैंप आगे भी जारी रखने की तैयारी की है।

## भोपाल से चातुर्मास पूर्ण कर पद विहार करते हुए मुनिश्री शीतलधाम पहुंचे

# मुनिश्री प्रमाण सागर महाराज की ऐतिहासिक अगवानी: दो गुरु भाइयों के संघ का मिलन हुआ, श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब

**आज सुबह 8:30 बजे प्रवचन तथा 10 बजे से दोनों संघों की आहारचर्या शीतलधाम में होगी।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

रविवार को मुनिश्री प्रमाण सागर महाराज का विदिशा में आगमन हुआ। भोपाल से चातुर्मास पूर्ण कर पद-विहार करते हुए मुनिश्री शीतलधाम पहुंचे। जहां मुनिश्री संभव सागर महाराज ने अपने संपूर्ण संघ सहित उनकी मंगल अगवानी की। यह क्षण दो गुरु भाइयों के मिलन के रूप में शीतलधाम में विशेष आध्यात्मिक वातावरण लेकर आया। विदिशा के साथ भोपाल, इंदौर, गंजबासौदा, राहतगढ़, ललितपुर, कोलकाता, जसपुर आदि शहरों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने अगवानी में भाग लिया।

नगर की विभिन्न पाठशालाओं की शिक्षिकाओं, छात्रों, महिला संगठनों और जैन समाज के सभी वर्गों ने अपनी पारंपरिक वेशभूषा में पलक-पांवड़े बिछाकर स्वागत किया। चारों ओर हे स्वामी नमोस्तु की मंगल ध्वनि गूंजती रही। विद्यासागर नवयुवक मंडल एवं महिला मंडल के दिव्य घोष ने शोभायात्रा को और भव्य बना दिया। राष्ट्रीय प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी ने बताया कि मुनिसंघ ने सुबह सांची जैन मंदिर में प्रवेश कर धर्मसभा आयोजित की। मुनि श्री प्रमाण सागर महाराज ने दान की महिमा बताते हुए कहा कि दान दारिद्रता और दुर्गति का नाशक है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि किस प्रकार 2009 में आर्थिक रूप से कमजोर महिला द्वारा श्री सम्मेशिखर जी पर शिला दान करने के संकल्प ने उसके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाए। मुनिश्री संभव सागर महाराज ने कहा कि मुनिश्री क्षमासागर, समता सागर एवं प्रमाण सागर महाराज का विदिशा से गहरा संबंध रहा है। 1992, 1995, 1997 और 2002 में मुनिसंघ के प्रवास ने यहां गहरी धर्म प्रभावना की। मुनिश्री प्रमाण सागर ने बताया कि 1992 के प्रवास के दौरान ही जैन धर्म के दसवें तीर्थंकर भगवान शीतलनाथ स्वामी के चार कल्याणक विदिशा में घोषित किए गए। रविवार शाम शीतलधाम में विश्वप्रसिद्ध शंकासमाधान कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें जैन एवं जैनेतर समाज की बड़ी उपस्थिति रही। सोमवार को सुबह 8:30 बजे प्रवचन तथा 10 बजे से दोनों संघों की आहारचर्या शीतलधाम में संपन्न होगी।



**विदिशा।** चातुर्मास पूर्ण करके के बाद शीतलधाम पहुंचे मुनिश्री



**विदिशा।** मुनिश्री के स्वागत के लिए हजारों समाजजन पहुंचे।

## पांचवें दिन पार्षदों को मनाने पहुंचे विधायक- नपाध्यक्ष पर...

# पीछे नहीं हटे पार्षद, कहा: जब तक मांगें पूरी नहीं होंगी धरनास्थल पर डटे रहेंगे

- **सोमवार की शाम 6 बजे पार्षद निकालेंगे मशाल जुलूस**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

नीमताल स्थित गांधी प्रतिमा के पास पिछले पांच दिनों से विभिन्न मांगों को लेकर भाजपा समर्थक पार्षदों का अनिश्चितकालीन धरना जारी है। रविवार को धरनास्थल पर विधायक मुकेश टंडन और नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा पहुंचे। दोनों जनप्रतिनिधियों ने पार्षदों से चर्चा कर धरना समाप्त करने के लिए कहा, लेकिन पार्षद अपनी समस्याओं के समाधान तक आंदोलन जारी रखने पर अड़े रहे।

पार्षद धर्मेंद्र सक्सेना ने बताया कि विधायक द्वारा सभी मुद्दों को लिखित में प्रस्तुत करने को कहा गया है, ताकि उनका निराकरण कराया जा सके, लेकिन पार्षदों ने स्पष्ट कहा कि जब तक नगरपालिका कार्यालय के अधिकारियों को हटाया नहीं जाता और एक ही स्थान पर पदस्थ कर्मचारियों का अन्य स्थानों पर तबादला नहीं किया जाता, तब तक वे पीछे नहीं हटेंगे। इसके साथ ही उन्होंने नगर के विकास कार्यों को तुरंत प्रारंभ कराने की मांग दोहराई। उन्होंने बताया कि जल्द ही धरनास्थल पर जनता दरबार आयोजित किया जाएगा। जिसमें विधायक, नगरपालिका अध्यक्ष और सभी पार्षद मौजूद रहेंगे। नगरवासियों की उपस्थिति में लिखित में समाधान की कार्ययोजना प्रस्तुत की जाएगी। यदि मौके पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो धरना अनिश्चितकाल तक जारी रहेगा। पार्षदों ने कहा कि वे जनता की बेहतरी के लिए संघर्ष कर रहे हैं और पिछली बार मिले आश्वासनों पर कार्य न होने से उनकी छवि जनता के बीच प्रभावित हुई थी। अब इस बार वे बिना परिणाम के आंदोलन समाप्त नहीं करेंगे। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उनके एक साथी पार्षद को नोटिस जारी कर आंदोलन को दबाने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन वे किसी भी दबाव में झुकने वाले नहीं हैं। धरने के दौरान जमना कुशवाह, डॉ संतोष जैन, अशोक जाट, धमेन्द्र यादव, दीपक कुशवाह, संतोष सोनी, राजेश लोधी, संजय अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में पार्षद उपस्थित रहे।

### पार्षदों की दो टूक बात: आंदोलन खत्म करने से किया इनकार



**विदिशा।** धरने पर बैठे पार्षदों को मनाने का प्रयास करने पहुंचे विधायक मुकेश टंडन और नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा।

### पीछे हटने के मूड में नहीं दिख रहे पार्षद

पार्षदों ने चेतावनी देते हुए कहा कि सोमवार शाम 6 बजे मशाल जुलूस निकाला जाएगा। यदि इसके बाद भी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो वे पैदल भोपाल पहुंचकर मुख्यमंत्री से मुलाकात करेंगे। जरूरत पड़ी तो राज्यपाल को भी ज्ञापन सौंपा जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं के समाधान होने तक धरना समाप्त नहीं होगा। पार्षद बिल्कुल भी पीछे हटने के मूड में दिखाई नहीं दे रहे हैं।

# एसआईआर पर कांग्रेस की बैठक में वोटर लिस्ट पर चर्चा

## बैठक के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं को दिए निर्देश



**शमशाबाद।** बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस के जनप्रतिनिधि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ शमशाबाद

विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत कांग्रेस ने महानीम चौराह पर कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक में बड़ी संख्या में पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक में कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने मतदाता सूची को त्रुटिरहित व पारदर्शी बनाने पर जोर दिया। कार्यकर्ताओं को नए पात्र मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट में जोड़ने तथा दोहरे या फर्जी नामों को चिन्हित कर हटवाने की पूरी प्रक्रिया विस्तार से समझाई गई। जिला प्रभारी पूर्वमंत्री प्रभुसिंह ठाकुर ने कहा कि मतदाता सूची का सही व अद्यतन होना लोकतांत्रिक प्रक्रिया की बुनियाद है। इसके लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने-अपने क्षेत्र में घर-घर संपर्क अभियान चलाकर नागरिकों को दस्तावेजों, आवेदन प्रक्रिया और अंतिम तिथि के बारे में जागरूक करना होगा।

बैठक में आगामी संगठनात्मक गतिविधियों, बूथस्तर की रणनीतियों और मतदाता जागरूकता अभियान को तेज करने पर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर जिला प्रवक्ता राहुल राज, प्रशिक्षण प्रभारी अजय दांतरे, निरंजन सिंह यादव, कांग्रेस नेता सोनू यादव, नीलू यादव, गोलू धाकड़, युवक कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष नीरज यादव, कुलदीप रत्नाकर, हेमन्त यादव, गजेन्द्र सिंह राजपूत, गोविंद भार्गव, पप्पू धाकड़ सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# भगवान बिरसा मुंडा जयंती पर संगोष्ठी, जनजातीय गौरव और स्वतंत्रता संग्राम में भूमिका पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्यारसपुर

भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा एक प्रेरणादायी संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें जनजातीय गौरव, बिरसा मुंडा का संघर्ष और स्वतंत्रता आंदोलन में उनके योगदान पर विस्तृत चर्चा हुई। कार्यक्रम में जिला समन्वयक पूजा श्रीवास्तव और ब्लॉक समन्वयक स्वदेश आचार्य मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर ब्लॉक के सभी नवांकुर परामर्शदाता तथा सीएमसीएलडीपी के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई।



संगोष्ठी के दौरान जिला समन्वयक पूजा श्रीवास्तव ने बिरसा मुंडा के जीवन, उनके आंदोलन, आदिवासी समाज के उत्थान के प्रयासों और जनजातीय गौरव दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर रोशनी डाली। उन्होंने बताया कि किस प्रकार बिरसा मुंडा ने जल-जंगल-जमीन की रक्षा के लिए अंग्रेजी शासन के विरुद्ध संघर्ष का नेतृत्व किया और आदिवासी समुदाय के अधिकारों की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। कार्यक्रम में परामर्शदाता रामकुमार सप्रे, योगेंद्र राजपूत, राय बहादुर यादव, पुष्पेंद्र यादव, राजेंद्र यादव उपस्थित रहे।

### विद्या इंटरनेशनल स्कूल में बाल मेले का आयोजन

**विदिशा।** बाल दिवस के उपलक्ष्य में विद्या इंटरनेशनल स्कूल एवं बचपन प्ले स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में रंगारंग बाल मेले का आयोजन किया गया। मेले में छात्रों ने खाद्य पदार्थ, फनी गेम्स, लकी ड्रा, आर्ट एंड क्राफ्ट, टैटू आदि के आकर्षक स्टॉल लगाकर करके देखो सिद्धांत के तहत व्यवसाय, ट्रेडिंग व मुद्रा लेनदेन का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया। फन जोन में झूले, मिकी माउस बाउंसी और ट्रामपॉलिन बच्चों के लिए विशेष आकर्षण रहे। शहर के विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने अपने अभिभावकों के साथ मेले का आनंद लिया और आयोजन की सराहना करते हुए इसे प्रतिवर्ष आयोजित करने का आग्रह किया। वरिष्ठ साहित्यकार एवं कवि राजेंद्र श्रीवास्तव ने सरस्वती प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर और रेड रिबन काटकर मेले का शुभारंभ किया। उद्घाटन के अवसर पर विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना, देशभक्ति गीत व सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। विद्यालय के संचालक अभिनय वर्मा ने सभी अतिथियों व अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।



# बेरखेड़ी में सीसी नाली निर्माण राशि में बड़े भ्रष्टाचार का आरोप ग्रामीणों ने की जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्यारसपुर

ग्यारसपुर जनपद की ग्राम पंचायत बंजरिया के ग्राम बेरखेड़ी में भ्रष्टाचार का गंभीर मामला उजागर हुआ है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि सीसी रोड व नाली निर्माण के लिए स्वीकृत 4 लाख से अधिक की राशि में से 3 लाख से ज्यादा राशि सरपंच, सचिव, उपयंत्री और जनपद अधिकारियों की मिलीभगत से निकाल ली गई, जबकि जमीन पर एक इंच भी कार्य नहीं हुआ। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत में सिर्फ कागज़ों पर विकास दिखाया जाता है, जबकि वास्तविकता में कोई काम नहीं किया गया।

मामले पर जब सरपंच गजराज सिंह लोधी से बात की गई, तो उन्होंने स्वीकार किया कि राशि निकाली जा चुकी है और दावा किया कि जल्द ही निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। वहीं तत्कालीन प्रभारी सचिव एवं रोजगार सहायक सुनील कुमार अहिरवार ने भी बताया कि राशि सरपंच को दे दी गई है और शीघ्र काम शुरू करने की बात कही। ग्रामीणों ने इस कथित भ्रष्टाचार की तत्काल जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है, ताकि पंचायत में चल रहे कागज़ी विकास पर अंकुश लगाया जा सके और गांव के विकास कार्य वास्तविक रूप से धरातल पर उतर सकें।



## भाजपा ने सरदार वल्लभ भाई पटेल जन्म जयंती के उपलक्ष्य में यूनिटी मार्च निकाला

# सरदार पटेल का जीवन त्याग, सेवा और राष्ट्रभक्ति का प्रेरक स्रोत है, भाजपा देश की एकता-अखंडता को सर्वोपरि मानती है

हरिभूमि न्यूज ⏭ शमशाबाद

सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में महानीम चौराहा से शमशाबाद तक पांच किमी पैदल यूनिटी मार्च निकाला गया। मार्च में प्रदेश भाजपा महामंत्री एवं सांसद लता वानखेड़े तथा विधायक सूर्यप्रकाश मीणा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

मार्च नगर के विभिन्न मार्गों से होता हुआ बसस्टेण्ड प्रांगण पहुंचा, जहां आमसभा का आयोजन किया गया। आमसभा को संबोधित करते हुए सांसद लता वानखेड़े ने कहा कि सरदार पटेल ने अपनी दूरदर्शिता और दृढ़ इच्छाशक्ति से देश को एक सूत्र में जोड़ने का ऐतिहासिक कार्य किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बनाए जा रहे 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के संकल्प में पटेल की विचारधारा मार्गदर्शक है। सांसद ने युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।




विधायक सूर्यप्रकाश मीणा ने कहा कि सरदार पटेल का जीवन त्याग, सेवा और राष्ट्रभक्ति का प्रेरक स्रोत है। उन्होंने कहा कि भाजपा देश की एकता और अखंडता को सर्वोपरि मानती है और ऐसे कार्यक्रम समाज को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

इस अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष देवेश मीणा, नगर परिषद अध्यक्ष भारती प्रदीप माहेश्वरी, लक्ष्मी नारायण तिवारी, डॉ भैरोंसिंह गुर्जर, राजेन्द्र जैन गुड्डा, यशपाल रघुवंशी, तेजेन्द्र सिंह बन्नू, कार्यक्रम प्रभारी बलवीर रघुवंशी, शैलेन्द्र ठाकुर, मंडल अध्यक्ष रामसिंह राजपूत, प्रहलाद कुशवाह, कमलेश मेहर, सरपंच बहादुर सिंह राजपूत, दीपक यादव, डॉ सतीश दुबे, पार्षद दीपक मेहर, मदन कुशवाह, मनमोहन साहू मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रहलाद धाकड़ ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। पूरे शहर में कार्यक्रम का उत्साहपूर्ण माहौल रहा।



## खबर संक्षेप

### 18 को मनेगा समिति का अधिकार दिवस

**गंजबासौदा।** ग्राम नगर रक्षा समिति के देहात थाना क्षेत्र के सदस्यों की मासिक बैठक देहात थाना क्षेत्र में संपन्न हुई। बैठक में रक्षा समिति के प्रांतीय संयोजक दीपक तिवारी, देहात थाना प्रभारी मनोज दुबे, विशेष रूप से उपस्थित थे। दीपक तिवारी ने बताया कि 18 नवंबर को रक्षा समिति का 26 वा अधिकार दिवस शाम 5 बजे देहात थाना में मनाया जाएगा। थाना प्रभारी मनोज दुबे ने बताया कि बासोदा धाम श्री रामदेव बाबा मंदिर पर आयोजित राम कथा 24 नवंबर से 6 दिसंबर तक के कार्यक्रम में रक्षा समिति के सदस्य पुलिस के साथ सेवाएं देंगे। इस अवसर पर बेठक में मुकेश निगम, दीपक जोशी, आकाश जोशी, जमना विश्वकर्मा, प्रदीप शर्मा,विरजू यादव ,रवि कुशवाह ,नीतेश सेन, लखपत, रंजीत, वृजेश, महाराज सिंह, वलराम यादव, नारायणी कुशवाह, ममता राजपूत, संगीता कुशवाहा ,कलावती शर्मा, भारती, गीता विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

### एसडीओपी ने चलाया वाहन जांच अभियान



**गंजबासौदा।** गत शाम एसडीओपी शिखा भलावी ने यातायात पुलिस के साथ जयस्तंभ चौक पर स्वयं वाहन जांच अभियान चलाया। जिसमें कई वाहनों को नियम विरूद्ध चलते पाए जाने पर चालानी कार्रवाई की गई।

## नगर के वार्ड क्रमांक 21 और ग्राम गंज एवं गमाकर में हुए आयोजन

# भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर नगर और गांवों में हुए कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नवांकुर चयनित संस्था मां शीतला हयुमन सोशल डेवलपमेन्ट सोसायटी गंज बासौदा द्वारा मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वावधान में सेक्टर गमाखर के ग्राम काचरोद में भगवान बिरसा मुंडा जयंती के उपलक्ष्य में आदिवासी समुदाय के बीच कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।





जन अभियान परिषद की विकास खंड समन्वयक ममता राठौर ने उनके जीवन संघर्ष एवं आदिवासी समाज के उत्थान मे दिए गये योगदान पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच गनपत सिंह रघुवंशी ने अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष राजेन्द सिंह रघुवंशी, नवांकुर संस्था से हजारी लाल पाटस्कर एव अन्य ग्राम वासी एंव महिलाएं उपस्थित रही। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं व ग्रामीज नागरिकों को राष्ट्रीय अस्मिता और देश भक्ति के प्रति जागरुक करना रहा। आयोजकों में कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के विचार आज भी समाज को नई दिशा देने वाले हैं। कार्यक्रम के अंत मे सभी ने समाज के उत्थान व जनहित कार्यों में सहयोग की शपथ ली।

उधर भगवान बिरसा मुंडा की जयंती वार्ड नंबर 21 गंजबासौदा में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। जिसमें भारतीय जनता पार्टी के पार्षद नारायण सोनी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाराणा प्रताप राजपूत समिति के पूर्व अध्यक्ष जगदीप सिंह राजपूत मसूदपुर एवं विशेष अतिथि नेताजी सुभाष स्मृति मंच के जिला अध्यक्ष प्रदीप श्रीवास्तव रहे। अतिथियों ने भगवान बिरसा मुंडा और शहीदों पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के आयोजक मोगिया समाज के जिला अध्यक्ष रमेश मोगिया ने हार माला डालकर अतिथियों का स्वागत किया एवं बुजुर्गों को कपड़े आदि सम्मान पूर्वक भेंट किए।




शासकीय उत्कृष्ट उमावि के ग्राम गंज में आयोजित रासेयो शिविर में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर कैंप कमांडर स्वयंसेवक रामनाथ रैकवार द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के वेशभूषा में ग्राम में रैली निकाली एवं बताया कि बिरसा मुंडा का जीवन संघर्ष और त्याग से भरा रहा है। उन्होंने अपने अल्प जीवन में जो इतिहास रचा है आज भी हमें प्रेरित करता है अतिथियों द्वारा भगवान बिरसा मुंडा का वेश धारण किए स्वयंसेवक का स्वागत किया गया।

## स्वीप गतिविधियों को लेकर प्राचार्यों की बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 145 बासौदा संतोष बिटोलिया के निर्देश पर बासौदा विकासखंड के सभी शासकीय व अशासकीय हाई स्कूल तथा हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्यों की बैठक पटवारी सभा कक्ष में आयोजित की गई। जिसमें स्वीप गतिविधियों के बारे में निर्देश जारी किए गए। उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अंतर्गत मतदाता को 2003 की मतदाता सूची की जानकारी से सत्यापित करने का कार्य बीएलओ के माध्यम से करवाया जा रहा है।

इसमें विभिन्न शासकीय अधिकारियों, कर्मचारियों, राजनीतिक दलों तथा सामाजिक, व्यापारिक संगठनों से सहयोग लिया जा रहा है। सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी रितु राय ने सभी प्राचार्यों को स्वीप गतिविधियां करते हुए अपनी संस्था अंतर्गत मतदान केंद्रों में शत प्रतिशत भरे हुए गणना पत्रक के बी एल ओ को वापसी के कार्य को पूरा करने सहयोग देने की अपील की। उन्होंने सभी से अपने विद्यार्थियों के माध्यम से माता-पिता को पत्र लेखन, जन जागरण हेतु रैली, बस्ती भ्रमण, रंगोली, भाषण आदि प्रतियोगिताएं आयोजित करने एवं प्रचार माध्यमों का उपयोग करने का सुझाव दिया। मास्टर ट्रेनर अभय कुमार शर्मा ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की सामान्य जानकारी दी एवं बीएलओ को आने वाली परेशानियों को दूर करने एवं उनके सहयोग से शुद्ध मतदाता सूची निर्माण की बात कही। इस अवसर पर हेल्प डेस्क प्रभारी संजीव टंडन, प्रमोद भास्कर, विकासखंड शिक्षा अधिकारी परता अहिरवार, बीआरसी बृजेंद्र रघुवंशी आदि उपस्थित थे। गत दिवस कांग्रेस के बीएलए को SIR कार्य के लिए विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर, अजय शर्मा ने गणना पत्रक के विषय में प्रत्येक बिन्दु को समझाया। सभी विधानसभा स्तरीय बीएलए को आग्रह किया गया कि अपने अपने क्षेत्र में बीएलओ की गणना पत्रक भरवाने में मदद करें कोई पात्र मतदाता आयोग द्वारा निर्धारित समय में मतदाता सूची में नाम जोड़ने से शेष न रहे। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर संदेश मिश्रा , अंजुम कुमार जैन, संजय अहिरवार निर्वाचन शाखा उपस्थित रहे।

## शांति नगर कॉलोनी में हनुमान चालीसा पाठ का 103वां चरण भक्ति व आध्यात्मिक ऊर्जा के साथ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

हिंदू चेतना सेवा समिति द्वारा संचालित हनुमान चालीसा पाठ का 103 वां चरण शनिवार को श्री दुर्गा मंदिर, शांति नगर कॉलोनी, त्योंदा रोड पर अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और भक्ति से परिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र की महिलाओं, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने बड़ी संख्या में सहभागी होकर मंदिर परिसर को आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाचरण के साथ हुई, जिसके पश्चात समिति के सदस्यों और श्रद्धालुओं द्वारा सामूहिक रूप से सात बार हनुमान चालीसा पाठ किया गया। लगातार गूँजते हुए जय बजरंग बली और सीता-राम के जयकारों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। पाठ उपरांत विधिवत आरती की गई तथा उपस्थित सभी भक्तों को प्रसादी वितरण किया गया। समिति अध्यक्ष राकेश सिंह रघुवंशी ने अपने संबोधन में कहा कि हनुमान चालीसा के नियमित वाचन से मन को शांति मिलती है, तनाव दूर होता है और जीवन में सकारात्मकता बढ़ती है। उन्होंने कहा कि समिति का उद्देश्य समाज में आध्यात्मिक जागरूकता बढ़ाना तथा युवाओं को संस्कृति और धर्म से जोड़ना है। उन्होंने श्रद्धालुओं के उत्साह और सहभागिता की सराहना करते हुए इसे सामाजिक सद्भाव और धार्मिक चेतना की मिसाल बताया। पाठ में विशेष रूप से उपस्थित हिंदू वीर एवं श्रद्धालु मोहित तिवारी, नंदकिशोर वर्मा, लोकेश साहू, लखन गुर्जर, अखिलेश तिवारी, रवि रघुवंशी, अर्णव रघुवंशी, रोहित नाथ, प्रशांत शर्मा, विशाल सेन, राजू सिंह दांगी, भूपेंद्र राजपूत, पूरन सेन, पप्पू कुशवाहा, दीपक रघुवंशी, हरिओम रघुवंशी, मनीष सेन, जितेश प्रजापति, महेंद्र पाल, लोकेंद्र रघुवंशी, निशिकांत माथुर, हर्षित मिश्रा, अर्पित विश्वकर्मा, हर्षित विश्वकर्मा, देवांश माथुर, लव गुर्जर, कृष्णकांत गुर्जर, धर्मेंद्र, शिव शंकर गुर्जर, दीपेश कुर्मी, कृतिका साहू, आशा शर्मा, डॉ. नंद गोपाल शर्मा, अन्य तिवारी, तनिष्का बघेल, दीक्षा यादव, चंदाबाई चौबे आदि श्रद्धालु भावपूर्वक उपस्थित रहे। सम्पूर्ण कार्यक्रम अत्यंत शांति, अनुशासन और आध्यात्मिक उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। समिति ने अगले चरण के आयोजन की तैयारी हेतु सभी श्रद्धालुओं से पुनः सहभागिता की अपेक्षा की कामना की।



## विधिक साक्षरता शिविर के साथ निबंध व रंगोली प्रतियोगिता आयोजित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मा.म. प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देशानुसार एवं मा.प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश विदिशा के मार्गदर्शन में,गंज बासौदा तहसील विधिक सेवा समिति के द्वारा न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह एवं बाल दिवस के अंतर्गत स्नो मारिया तिग्गा द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड एवं न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी की उपस्थिति में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरेठ में विधिक, जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया, बाल दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय में छात्र/ छात्राओं के लिए निबंध लेखन एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया।

जिसमें विजेता छात्र / छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अन्य छात्र/ छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए एवं छात्र/ छात्राओं को संविधान के मूलभूत अधिकार एवं कर्तव्य , शिक्षा का अधिकार,दैनिक जीवन में उपयोगी विधियां, यातायात नियम,निःशुल्क विधिक, स्वच्छता का महत्व, बंधुआ मजदूर, बाल विवाह, एवं नालसा ( बच्चों की मैत्री पूर्ण विधिक सेवा योजना) 2015 के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में अधिवक्ता संजीव कुमार अरोरा, अधिवक्ता शेरसिंह यादव, प्राचार्य सुनील कुमार साहू, शिव मंगल शाक्य, प्रमोद पारासर, नीलम चौरसिया, नौनी प्रजापति, कुमारी अभिलाषा शर्मा, नम्रता शर्मा, हर्ष शाक्य, छोटेलाल सहारिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिवमंगल शाक्य एवं एडवोकेट संजीव कुमार अरोरा ने किया।

## नौलखी पर अभिषेक, शिव पुराण की महिमा ने बांधा आध्यात्मिक वातावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



वेत्रवती घाट स्थित नौलखी धाम आश्रम के विजय हनुमान मंदिर पर चल रहे 11 दिवसीय महारुद्र के दिव्य अनुष्ठान के नवें दिवस रविवार को अत्यंत दिव्य और भावपूर्ण वातावरण के साथ संपन्न हुआ। प्रातः काल से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। आज अभिषेक विशेष आकर्षण रहा कि भगवान शिव का अभिषेक संगीतमय वेद-स्तुति के साथ संपन्न किया गया। जिससे पूरा परिसर शिवमय और सुरमय हो गया। इस अनुष्ठान की दिव्यता और भव्यता को देखकर नगर के यजमानों के अलावा विदिशा से भी दो यजमानों ने आकर अनुष्ठान में भाग लिया। यजमानों ने अभिषेक में भाग लिया।

अनुष्ठान में पुण्यभागी बनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन और पूजा-अर्चना हेतु पूरे दिन मंदिर में पहुँचते रहे। अभिषेक प्रातः 8 बजे प्रारंभ होकर दोपहर 2 बजे तक चलता है। इसके पश्चात प्रदोषकाल में 4 बजे भगवान शिव का पुनः जलाभिषेक एवं पुष्पार्चन सम्पन्न होता है। रात्रि 7:30 बजे भगवान नर्मदेश्वर की भव्य आरती संपन्न होती है। सोमवार को सोम प्रदोष होने से अनुष्ठान महोत्सव के पावन अवसर पर भगवान शिव का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। 108 दीपों से भगवान नर्मदेश्वर की महाभव्य आरती की जाएगी। रविवार को अनुष्ठान में दमोह से शामिल होने आए जय जय सरकार अजब धाम गादी के महंतश्री ने शिव पूजन में भाग लिया। मालूम हो कि वेत्रवती घाट पर नौलखी खालसा के श्रीमहंत राम मनोहर दास जी महाराज के सानिध्य में इन दिनों प्रतिदिन नर्मदेश्वर महादेव का अद्वितीय अनुष्ठान वेदपाठी ब्राह्मणों द्वारा संपन्न हो रहा है। रविवार को महंत जी के साथ विदिशा से आए यजमान अमित शर्मा, मुन्नालाल दुबे, अनुराग पाठक, शुभम अग्रवाल, शुभम दुबे एवं वंदना सेन ने अभिषेक पूजन में भाग लिया। अनुष्ठान के उपरांत शिव तत्त्व की चर्चा करते हुए पं. केशव गुरु जी ने ओम और नमः शिवाय मंत्र की महिमा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ओम शब्द भगवान का मुख्य वैदिक नाम है। पतंजलि योग सूत्र में कहा गया है कि ईश्वर की अवधारणा का सार स्वरूप 'प्रणव' है, जो ओम से प्रकट होता है। ओम तीन अक्षरों अ, उ, म की संधि से बना हुआ प्रणव है, जिसे शिवपुराण में शिव का मूलस्वरूप माना गया है। भगवान शिव का सदा अक्षर मंत्र 'ॐ नमः शिवाय' है, जिसका महत्व स्वयं भगवान महादेव पार्वती को बताते हैं। इसके प्रभाव और सामर्थ्य को सैकड़ों वर्ष में भी कोई पूर्ण रूप से नहीं कह सकता।



### साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5.0 के तहत पाँचवां चरण संपन्न

# बेतवा के आंचल में श्रमदान के लिए उमड़ा समर्पण का सैलाब



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नदी केवल जलधारा नहीं, बल्कि जीवन की आधारशिला है। यही संदेश लेकर श्रमदान दल गंजबासौदा ने अपने साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5.0 के अंतर्गत छठे चरण का स्वच्छता कार्यक्रम बेतवा नदी के रिपटा घाट पर संपन्न किया। छठे चरण में विशेष बात यह रही कि शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के 25 सदस्यी सदस्य NSS प्रभारी दिनेश ओझा के नेतृत्व में श्रमदान दल के साथ स्वच्छता अभियान में सहयोग करने पहुंचे। इस चरण में श्रमदान दल एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सदस्यों ने घाट के प्रवाह क्षेत्र और किनारों से लगभग दो ट्रॉली कचरा से अधिक एकत्रित किया। जिसमें पूजन-हवन सामग्री, अंत्येष्टि के पश्चात छोड़ी गई अपशिष्ट वस्तुएँ, मुंडन संस्कार के दौरान कटे बाल, अंधविश्वास वश छोड़े गए कपड़े, प्लास्टिक पॉलिथीन, तेल-शैंपू-साबुन के पाउच, शराब की बोतलें, टूटी जूते-चप्पलें, दवाइयों के अवशेष आदि शामिल थे। दल के सदस्यों ने यह दृढ़ संदेश दिया कि सदियों से मां वेत्रवती विदिशा जिले के साथ साथ गंज बासौदा नगर की जल आपूर्ति करती रही है। आगे भी इसका लाभ जिले और नगर वासियों को तभी मिलेगा जब हम उसकी सेवा और स्वच्छता के प्रति जिम्मेदार होंगे।

स्वच्छता में ही श्रद्धा का सारधार्मिक अनुष्ठान और संस्कार हमारी संस्कृति की आत्मा हैं, लेकिन जब वही श्रद्धा प्रदूषण में बदल जाए, तो उसका अर्थ विकृत हो जाता है। बेतवा घाटों पर मिली पूजा सामग्री, मूर्तियों के अवशेष और पॉलिथीन इसी विडंबना की ओर संकेत करते हैं। श्रमदान दल ने लोगों से आग्रह किया कि श्रद्धा के नाम पर प्रदूषण न करें, बल्कि अपने कर्मों से नदियों को स्वच्छ बनाकर सच्ची श्रद्धा का परिचय दें। समर्पण बना प्रेरणा सप्ताह में कम से कम एक घंटा नदियों के नाम।

दल के सदस्यों का कहना है कि "नदी स्वच्छता केवल अभियान नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है जो हर नागरिक को निभानी चाहिए।" उनकी अपील है प्रत्येक केवल हर सप्ताह में केवल एक घंटा भी नदी के नाम कर दे तो गंगा, यमुना जैसे नदियों को भी अपना पौराणिक रूप प्राप्त हो सकता है। स्वच्छता कार्यक्रम के दौरान एनएसएस प्रभारी दिनेश ओझा ने छात्रों को रूढ़िवादी प्रथाओं से बचने एवं अंध विश्वास के चलते प्राकृतिक संसाधनों को होने वाले दुष्परिणामों से अवगत कराया। तो दल के सदस्य आकाश जैन ने छात्रों को अपने घर एवं उसके आसपास के क्षेत्रों के साथ मोहल्लों को भी साफ स्वच्छ रखने की अपील की। साथ ही साथ आप नाते रिश्तेदारों एवं अपने घर परिवार के लोगों को नदियों तथा उनके घाटों पर कचरे एवं अन्य सामग्री के दुष्परिणामों से अवगत कराने तथा नदियों की स्वच्छता में सहयोग की अपील की।

वहीं दल के सदस्य रुद्रांश सिंह राजपूत ने छात्रों से अपने साप्ताहिक अवकाश के दिनों के नदियों की स्वच्छता के प्रति समर्पित करने का आग्रह किया। तो दिनेश चौरसिया एवं राकेश रघुवंशी ने छात्रों को अपने जन्म दिवस के कम से कम एक पौधा रोपित करने एवं उनको सहेजने की अपील की। छठवें चरण के स्वच्छता अभियान में पच्चीस सदस्यीय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सदस्यों के साथ साथ श्रमदान दल से राकेश रघुवंशी, नीरज साहू, रुद्रांश सिंह, योगेंद्र माझी, दिनेश चौरसिया, अंशु शर्मा एवं आकाश जैन उपस्थित रहे।

## स्वयंसेवकों ने किया दल के साथ श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




शासकीय उत्कृष्ट उमावि की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय वार्षिक विशेष शिविर में स्वयंसेवकों द्वारा बेतवा रिपटा घाट पर श्रमदान दल के साथ श्रमदान किया। इसके पश्चात बौद्धिक सत्र में राजेश तिवारी संस्थापक रक्त सेवा समिति द्वारा बताया गया कि रक्तदान जीवन बचाने का अमूल्य उपहार है। रक्तदान करना पुण्य का कार्य है। अरुण श्रीवास द्वारा स्वयंसेवकों को मुरली के माध्यम से प्रस्तुति दी गई। अभिषेक मिश्रा कार्यक्रम अधिकारी नवांकुर विद्यालय द्वारा रासेयो पर विशेष चर्चा की। राजेश झा अध्यक्ष झा समाज एवं दुर्गा प्रसाद ओझा द्वारा बताया कि किस प्रकार राष्ट्रीय सेवा योजना नित नए आयाम को छू रही है। इस बीच भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर कैंप कमांडर स्वयंसेवक रामनाथ रैकवार द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के वेशभूषा में ग्राम में रैली निकाली एवं बताया कि बिरसा मुंडा का जीवन संघर्ष और त्याग से भरा रहा है। उन्होंने अपने अल्प जीवन में जो इतिहास रचा है आज भी हमें प्रेरित करता है अतिथियों द्वारा भगवान बिरसा मुंडा का स्वागत किया गया। डॉ राकेश सिंघई, समीक्षा जैन प्रभारी प्राचार्य एवं भावना अग्रवाल, इशा रानी, अमन राजपूत, स्नेहा चौकसे, सेजल नामदेव द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में विशेष जानकारी स्वयंसेवकों को दी गई। रक्त सेवा समिति द्वारा संचालित रक्त परीक्षण शिविर में 90 ग्रामीण जन एवं स्वयंसेवकों ने अपना रक्त परीक्षण कराया। कार्यक्रम का संचालन पिंकी कुशवाह ने किया। शिविर का संचालन कार्यक्रम अधिकारी दिनेश कुमार ओझा,बालिका इकाई कार्यक्रम अधिकारी भारती पंथी द्वारा किया जा रहा हैं।

कैंप कमांडर रामनाथ रैकवार ग्रुप लीडर कृष्णा साध, नितेश मीणा, कृष्णा सोनी, अंश विश्वकर्मा, दिशा बुंदेला, समीक्षा राठौर, कु. गुनगुन रैकवार, सिमरन राजपूत ने सक्रिय भूमिका निभाई। शिविर में वरिष्ठ स्वयंसेवक सचिन अहिरवार, साहिल यादव, अमित विश्वकर्मा, गौरव शर्मा, हरिओम विश्वकर्मा, मोनू कुशवाह, कु आयुषी दांगी, नैना पांडे सहित अन्य स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

दीप प्रज्जलित करने के साथ की गई कार्यक्रम की शुरुआत

# संस्कार ग्रीन वैली स्कूल के वार्षिकोत्सव में दिखाई दी अनमोल रिश्तों की झलक





हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

नगर के लटेरी रोड स्थित संस्कार ग्रीन वैली स्कूल में वार्षिक महोत्सव 2025 जिसका शीर्षक अनमोल रिश्ते रखा गया। उक्त कार्यक्रम बड़े उत्साह और उमंग के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंर्तराष्ट्रीय खिलाडी व पूर्व केन्द्रीय मंत्री असलम शेर खान, रिटार्यड कमीशनर संभाजीत यादव, विशेष अतिथि के.के. उपाध्याय, तहसीलदार संजय चौरसिया,ब्लॉक शिक्षा अधिकारी उमेश सोनी आदि ने दीप प्रजव्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की।

वही विद्यार्थियों ने रंगारंग नृत्य,नाटक और संगीत प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय द्वारा छात्र-छात्राओं के ग्राड पेरेंटस को भी फैमली फोटू फ्रेम देकर सम्मानित किया गया। अभिभावकों एंव ग्राड पेंरेटस ने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना की और शिक्षकों के प्रयासों की प्रशंसा की। वही कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और सभी उपस्थित अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए छात्रों का उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर स्कूल चैयरपर्सन निजाम खान ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जब हम अपने विद्यालय के वार्षिक समारोह का जश्न मनाने के लिए एकत्रित हुए हैं, तो इस अद्भुत श्रोतागण को संबोधित करते हुए मुझे सचमुच गौरव का अनुभव हो रहा है। यह कार्यक्रम न केवल प्रतिभा का उत्सव है, बल्कि हमारे विद्यालय की पहचान, कड़ी मेहनत, समर्पण और एकता का भी प्रतीक है। पूरे वर्ष हमने विभिन्न शैक्षणिक और सह-पाठ्यचर्या गतिविधियों में भाग लिया है। वार्षिक समारोह हमें संगीत, नृत्य, नाटक और खेल में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करता है। यह हमें टीम वर्क के महत्व और सामूहिक उपलब्धि के आनंद की भी याद दिलाता है। मैं अपने शिक्षकों और अभिभावकों के निरंतर सहयोग के लिए उनका हार्दिक आभार व्यक्त करना चाहता हूँ। आज विजेताओं और प्रतिभागियों की सराहना करते हुए। हम सभी आने वाले वर्ष में और भी ऊँचे लक्ष्य रखने का संकल्प लें। इस अवसर को इतना यादगार बनाने के लिए धन्यवाद। वही संस्था संचालक निजाम खान द्वारा अतिथियो को शॉल श्रीफल भेंट कर भव्य सम्मान किया गया।

## वार्षिक समारोह शैक्षणिक संस्थानों में बहुप्रतीक्षित उत्सव

इस अवसर पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री असलम शेर खान ने कहा कि संस्कार ग्रीन वैली स्कूल के चैयरपर्सन निजाम खान द्वारा जो सिरोंज के छोटे-छोटे बच्चों को शिक्षा देकर नए आयाम से जोडा जा रहा है। मैने स्कूल में देखा कि स्कूल के बच्चो में जो हुनर व प्रतिभाएं है वह प्रतिभाए एक दिन देश भर में सिरोंज का नाम रौशन करेगी। क्योकि जिन नन्हे मुन्ने बच्चो द्वारा जो सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए वह कार्यक्रम देश की एकता, अखण्डता, भाईचारा, धार्मिक, परिवार के संस्कारो के साथ हित देश के लिए कार्य करने का संदेश दिया गया। वही उन्होने कहा कि वार्षिक समारोह शैक्षणिक संस्थानों में एक बहुप्रतीक्षित उत्सव होता है। यह छात्रों,शिक्षकों,अभिभावकों और अतिथियों को एक साथ लाता है और वर्ष की उपलब्धियों को प्रदर्शनों,पुरस्कारों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से चिह्नित करता है।

यह यादगार आयोजन विद्यालय समुदाय में एकता, गौरव और उपलब्धि की भावना को बढ़ावा देने में मदद करता है। वही रिटार्यड कमीशनर संभाजीत यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि आपके विद्यालय के वार्षिक समारोह में उपस्थित होना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। ऐसे आयोजन यहाँ के जीवंत और गतिशील शिक्षण वातावरण के प्रमाण हैं। मैंने ऊर्जावान प्रस्तुतियों और प्रतिभा के उल्लेखनीय प्रदर्शन को देखा है, जो समग्र विकास के प्रति विद्यालय की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सभी विद्यार्थियों, याद रखें, सफलता समर्पण और लगन से मिलती है। स्कूल में बिताए अपने समय का सदुपयोग करें और हर अवसर का उपयोग प्रगति के लिए करें। आज की प्रस्तुति में जिन शिक्षकों और कर्मचारियों का समर्पण साफ़ दिखाई दे रहा है, उनका मैं तहे दिल से आभार व्यक्त करता हूँ और सभी को बधाई देता हूं।

## शिक्षा केवल किताबी ज्ञान नहीं

*इस अवसर पर तहसीलदार संजय चौरसिया ने कहा कि शिक्षा व्यक्ति और समाज के विकास के लिए अनिवार्य है, क्योंकि यह ज्ञान, कौशल और तर्कसंगत सोच प्रदान करती है। यह व्यक्ति को आत्मनिर्भर, सशक्त और जिम्मेदार नागरिक बनाती है, जो बेहतर निर्णय ले सकता है, रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकता है और जीवन की चुनौतियों का सामना कर सकता है। शिक्षा न केवल व्यक्तिगत विकास में मदद करती है, बल्कि तकनीकी, आर्थिक और सामाजिक प्रगति के माध्यम से एक बेहतर समाज और राष्ट्र का निर्माण भी करती है। वही उन्होने कहा कि शिक्षा बच्चो को साक्षर बनाती है, जिससे वे अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक होते हैं। यह व्यक्ति के आत्मविश्वास और संचार कौशल को बढ़ाती है, और उसे एक बेहतर इंसान बनने में मदद करती है। शिक्षा रोजगार के द्वार खोलती है और व्यक्ति को आर्थिक रूप से स्थिर और आत्मनिर्भर बनाती है। एक शिक्षित व्यक्ति की कमाई की संभावना अधिक होती है, जिससे वह अपने और अपने परिवार के लिए बेहतर जीवन स्तर सुनिश्चित कर सकता है। साथ ही एक शिक्षित व्यक्ति अपने ज्ञान को केवल अपने तक सीमित नहीं रखता, बल्कि उसे अगली पीढ़ी तक पहुंचाता है। यह ज्ञान और अनुभव की एक निरंतर कड़ी बनाता है, जिससे समाज लगातार प्रगति करता है। वही ब्लॉक शिक्षा अधिकारी उमेश सोनी ने कहा कि छात्र अपने अध्ययन काल में कड़ी मेहनत करें। इसी से वह अपने आने वाले भविष्य को बेहतर बना सकते हैं। वही उन्होने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा व्यक्ति को सशक्त बनाती है, जिससे वह अपने जीवन के निर्णय स्वयं ले सकता है और आत्मनिर्भर बन सकते है। शिक्षित नागरिक एक मजबूत और प्रगतिशील समाज की नींव रखता हैं, जिससे देश का समग्र विकास होता है।*

कांग्रेस कार्यकर्ताओं से वन टू वन चर्चा में पूर्व केंद्रीय मंत्री खान बोले

# राहुल गांधी कांग्रेस के हर कार्यकर्ता के हाथों में सौंपना चाहते हैं कमान



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

भारत सरकार के पूर्व केन्द्रीय मंत्री व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता असलम शेर खान का सिरोंज आगमन हुआ। इस मौके पर नगर के विश्राम गृह में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता असलम शेर खान ने काग्रेस कार्यकर्ता से चर्चा की। वही उनकी काफी लंबे समय तक कार्यकर्ता से अलग अलग मुध्धो पर चर्चा हुई। जिसमें कुरवाई,सिरोंज,लटेरी के कांग्रेस नेताओं ने मुलाकात कर अपनी अपनी पीडा बताई। वही उन्होने सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बातो को काफी गंभीरता से सुना और कार्यकर्ताओ की समस्याओं के समाधान के लिए सलाह दी।

इस मौके पर हरिभूमि संवाददाता एड राजीव जैन सैनानी से चर्चा करते हुए पूर्व केन्द्रीय मंत्री असलम शेर खान ने कहा कि कांग्रेस राहुल गांधी के नेतृत्व में पूरे देश में तेजी से आगे बढ रही है। राहुल गांधी कांग्रेस के प्रत्येक कार्यकर्ता व आम नागरिको को कांग्रेस की नीति-रीति सौपना चाह रहें है। वह चाहते है कि हर काग्रेंस कार्यकर्ता ही कांग्रेस पार्टी को चलाए और वही संचालन करें। मध्यप्रदेश में कांग्रेस के दिग्गज नेताओं में कांग्रेस को बर्बाद किया है। लेकिन हमारे नेता राहुल गांधी ने उन दिग्गज नेताओं को लाइन पर लगा दिया है। साथ ही परिवार वाद समाप्त कर प्रत्येक कार्यकर्ता के हाथ में कांग्रेस का संचालन सौपा है जिसके परिणाम भी धीरे धीरे काफी अच्छे आ रहें है। वही अब गलत नेताओं से दोष मुक्त होकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में एक अलग ही ऊर्जा देखी जा रही है। पंचमणी का प्रशिक्षण कांग्रेस के जिला अध्यक्षों से सीधी बात करना व कार्यकर्ताओं की बात को गंभीरता से लेना, ऐसे कई मुध्धे है कि मध्यप्रदेश की जनता का भी उन्हें काफी सहयोग मिल रहा है।

## कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलना जरूरी

वही उन्होने कहा कि मै भी प्रत्येक क्षेत्रो में जाकर बैठके लेकर कार्यकर्ताओ से चर्चा कर रहा हू और उन कार्यकर्ताओ से मिलकर मुझे एहसास होता है कि कांग्रेस तो मजबूत है लेकिन कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने की जरूरत है। वही कार्यकर्ताओ की पीडा सुनने के बाद ऐसा लगता है कि 2029 में जो विधानसभा चुनाव होगा उसमें कांग्रेस काफी बडें बहुमत से प्रदेश में अपनी सत्ता जमाएगी। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यवाहक अध्यक्ष जफर खान ने क्षेत्र के जाति गत समीकरणो के बारे में जानकारी देते हुए उन्होने पुराने व कर्मठ कांग्रेस के लिए समर्पित कार्यकर्ताओं से मुलाकात कराई और उनकी पीडा बताई। वही पूर्व केन्द्रीय मंत्री असलम शेर खान ने कार्यकर्ताओ की पीडा सुनकर कहा कि हम सब कार्यकर्ता एक साथ मिलकर कांग्रेस के लिए संघर्ष करेंगें और वह दिन दूर नही जब प्रत्येक कार्यकर्ता बल्लभ भवन में अपनी सरकार से मिलने पहुचेगा तो तब वह भी गौरंवित होगा।

## सांसद वानखेड़े ने वन विभाग की भूमि को राजस्व भूमि में परिवर्तित करवाकर रोड निर्माण कार्य कराया प्रारंभ



**सिरोंज।** सिरोंज-सागर संसदीय क्षेत्रीय सांसद डॉ लता वानखेड़े द्वारा लटेरी की वर्षों पुरानी मांग लटेरी-शमशाबाद मार्ग जो वन विभाग के कारण विवादों में अधूरा पड़ा हुआ था। उस अधूरे पडें कार्य को सांसद श्रीमति वानखेडे ने पूरा करते हुए वन विभाग की संपूर्ण जमीन को राजस्व भूमि में परिवर्तित करवाकर रोड बनने का मार्ग स्थाई रूप से समस्या समाप्त कर रोड बनवाने का काम प्रारंभ कराया। वही रोड निर्माण कार्य प्रांरभ होने पर सांसद प्रतिनिधि मान सिंह रघुवंशी ने सांसद श्रीमति वानखेडे का आभार व्यक्त किया।

# 100 पूर्ण लेखन पुस्तिकाएं जमा, एक करोड़ 15 लाख बार लिखा सीताराम

**सागर।** श्री सीताराम नाम लेखन के प्रति भक्तों में बढ़ती हुई श्रद्धा को देखते हुए हनुमान दुर्गा भैरव धाम परिसर स्तिथ श्री सीताराम नाम बैंक समिति ने भक्तों के लिए निशुल्क लेखन कॉपियो का वितरण प्रारंभ किया है।

समिति ने मंदिर परिसर के साथ सनराइज मेगा सिटी से भी लेखन प्रेमियों को हर रविवार दोपहर 12:00 बजे से 4:00 बजे तक निशुल्क कॉपी वितरण की व्यवस्था की है। श्री सीताराम नाम बैंक समिति के सह व्यवस्थापक पं बृजेश द्विवेदी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि रविवार को सनराइज मेगा सिटी एचआईजी 18 फेज 3 पर श्रद्धालुओं ने 100 पूर्ण लेखन पुस्तिकाएं जमा की ज़िनिमे कुल 21 लाख 50400 श्री सीताराम नामका लेखन हुआ पं बृजेश द्विवेदी ने आगे बताया कि सनराइज मेगा सिटी से अब तक मैंने 700 पुस्तिकाये लेखन प्रेमियों को वितरित की है । जिनमें से 532 पूर्ण लेखन पुस्तिकाये मेरे निवास पर आकर भक्तों द्वारा जमा कर दी गई है इनमें कुल लेखन 1 करोड़ 15 लाख नामो तक पहुंच गया है ।

## ऑडिटोरिम में परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया




**विदिशा।** शिरोमणि गुरु रविदास विश्व महापीठ के तत्वावधान में रविवार को रवींद्रनाथ टैगोर सांस्कृतिक भवन में युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं समाज सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से प्रारंभ हुआ। जिसमें जिले सहित आसपास क्षेत्रों से बड़ी संख्या में समाजजन, जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक बंधु शामिल हुए। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य विवाह योग्य युवक-युवतियों का परिचय एवं छात्र-छात्राओं व समाजसेवियों का सम्मान करना था। यह जानकारी संरक्षक संजय (संजू भैया) ने दी। आयोजन में संयोजक संतोष पेंटर व समिति के पदाधिकारी सक्रिय रहे।

## नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, की बैठक आज

**सागर।** सागर एवं बीना नगर स्थित समस्त केन्द्रीय कार्यालयों के प्रमुखों से सहभागिता सुनिश्चित करने का अनुरोध राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार नगर स्थित केन्द्रीय बैंकों/उपक्रमों/कार्यालयों में राजभाषा के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की छमाही स्तर पर समीक्षा बैठक आयोजित की जाती हैं। सागर नगर की नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की वर्ष 2025-26 की द्वितीय छमाही बैठक आज 17 नवम्बर, 2025 को मध्याह्न 12.00 बजे से डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के कुलपति एवं नराकास, सागर के अध्यक्ष प्रो. यशवंत सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में सिविल लाइन्स, सागर स्थित होटल वरदान में आयोजित की जा रही है।

## गुमशुदा कटौत्रों तथा सामान्य भविष्य निधि जागरूकता कैम्प आज से

**सागर।** वरिष्ठ कोषालय अधिकारी सागर ने बताया कि जबलपुर कोषालय में दिनांक 17 नवम्बर से 21 नवम्बर तक गुमशुदा कटौतियों एवं अप्रविष्ट मदों के निराकरण हेतु जी.पी.एफ. कैम्प आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।




## जनजातीय गौरव दिवसः भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती का आयोजन

**गढ़ाकोटा।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गढ़ाकोटा में भगवान बिरसा मुंडा जी की 150वीं जयंती पर जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. घनश्याम भारती ने की। कार्यक्रम की शुरुआत में भगवान बिरसा मुंडा जी की छायाचित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन के साथ पुष्प माला अर्पित किए। प्राचार्य डॉ. भारती ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन पर विस्तृत चर्चा करते हुए उनके संघर्ष को बताया। उन्होंने कहा कि वे न केवल जनजातीय नेता थे, बल्कि स्वतंत्रता संग्राम के सेनानी थे जिन्होंने अपना जीवन राष्ट्र और समाज के लिए समर्पित किया। सभी को जनजातीय संस्कृति और विरासत का सम्मान करना चाहिए। पुष्पेंद्र वर्मन ने भी अपने विचार रखे और वीडियो के माध्यम से भगवान बिरसा मुंडा जी के स्वतंत्रता संग्राम योगदान को दिखाया। विद्यार्थियों में से शिवानी राजपूत और जिंसी पटेल ने भी अपना भाषण प्रस्तुत किया। जनजाति गौरव दिवस के उपलक्ष्य में महाविद्यालय में कई प्रतियोगिताओं जैसे रंगोली, मेहंदी चित्रकला, पोस्टर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय स्टॉफ के साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं छात्राएं उपस्थित रहे।

## एनसीसी वार्षिक प्रशिक्षण शिविर ढाना में आयोजित

**सागर।** 31 म.प्र. बटा. एनसीसी सागर का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 187 दिनांक 14 नवम्बर से 23 नवम्बर तक कैम्प कमांडेंट ले. कर्नल राजेन्द्र सिंह, सेना मेडल के तत्वाधान में ढाना, सागर में संचालित हो रहा है।इस कैंप के दौरान एनसीसी कैडेटों को फायरिंग, मैप रीडिंग, ड्रिल एवं टेंट पिचिंग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।



## बुंदेलखंड कायस्थ समाज का सदस्यता अभियान प्रारंभ

**सागर।** बुंदेलखंड कायस्थ समाज के सदस्यता अभियान की शुरुआत सिविल लाइन वार्ड से की गई जिसमें वरिष्ठ कालोनाइजर रत्नेश श्रीवास्तव ने बुंदेलखंड कायस्थ समाज की सदस्यता एवं संरक्षक का पद सहर्ष स्वीकार करते हुए कहा कि हमारे समाज के लिए यह बड़े गर्व की बात है कि समाजोत्थान विकास एवं नई रीतियों के निर्माण की दिशा में कार्य करने के उद्देश्यों के साथ हमारी आगामी पीढ़ी ने एक शानदार शुरुआत की है। इसके लिए हम सभी वरिष्ठों को आगे आकर युवाओं का प्रोत्साहन करना चाहिए। उन्हें मार्गदर्शन देकर एक नया इतिहास रचना चाहिए। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आगामी समय में सागर में सिर्फ एक ही संगठन रहेगा एक परिवार रहेगा जिसके नीचे हम सभी एकत्रित होकर नई कहानी लिखेंगे। समाज के युवाओं और लोगों को जब जहां मेरी जरूरत होगी मैं तन मन धन से उनके साथ खड़ा रहूंगा। दिनेश खरे ने कहा कि सयय की मांग है, हम सभी युवाओं को आगे लाकर खड़ा करें आने वाला कल और पल उन्हीं का है हम सभी उनके साथी बनकर उन्हें मार्गदर्शन प्रदान करें जिससे नया वातावरण स्थापित हो। एस एस श्रीवास्तव जयप्रकाश खरे केसी सक्सेना ने कहा कि छोड़ो कल की बातें, कल की बात पुरानी, नए दौर में लिखेंगे हम मिलकर नई कहानी, समाज के युवाओं के लिए हम सभी हमेशा तत्पर है आप कार्य करिए हम सभी आपके साथ है। अध्यक्ष हेमंत श्रीवास्तव ने कहा कि आज सिविल लाइन वार्ड से सदस्यता अभियान की शुरुआत की गई है फिर गोपाल गंज वार्ड, वृन्दावन वन वार्ड से होते हुए हम सभी लोग शहर के एक एक वार्ड में जाकर संगठन के सदस्य बनाएंगे और समाज को मजबूती प्रदान करेंगे।

# एक बगिया मां के नाम अभियान की अभूतपूर्व प्रगतिः ग्रामीण महिलाएं बनेंगी लखपति, आत्मनिर्भरता की ओर नया कदम

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित एक बगिया मां के नाम योजना विदिशा जिले में ग्रामीण महिलाओं के जीवन में आर्थिक स्वावलंबन की नई ऊर्जा लेकर आई है।

योजना को मिल रही जोरदार सफलता ने महिलाओं को न सिर्फ आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाया है, बल्कि लखपति बनने का मार्ग भी प्रशस्त किया है। जिले में अब तक 756 हितग्राही महिलाओं को योजना का लाभ लेने की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। इनके माध्यम से कुल 708.19 एकड़ भूमि पर फलदार पौधों की बगिया विकसित की जा रही है, जो भविष्य में स्थायी आय का मजबूत स्त्रोत बनेगी। योजना के सुचारु क्रियान्वयन के लिए 49 कृषि सखियां तैनात की गई हैं। अब तक 572 हितग्राहियों को पौधारोपण, सिंचाई विधि, खाद प्रबंधन और बगिया संरक्षण का प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इस प्रशिक्षण से महिलाएं तकनीकी रूप से सक्षम होकर बगिया का बेहतर प्रबंधन कर पा रही हैं। महिलाओं को आर्थिक बोझ से राहत देने के लिए मिशन के तहत 5 हितग्राहियों को स्वयं सहायता समूहों द्वारा श्रम ऋण प्रदान किया गया है। इससे प्रारंभिक निवेश का दबाव कम हुआ है और महिलाएं बिना किसी आर्थिक बाधा के अपनी बगिया तैयार कर पा रही हैं।

## जनपदों में तेजी से आगे बढ़ रहा कार्य

सिरोंज और लटेरी जनपद पंचायतें योजना क्रियान्वयन में सबसे आगे हैं। सिरोंज में 123 महिलाओं को SIPRI ऐप के जरिए स्वीकृति मिली है तथा 115.18 एकड़ भूमि पर बगिया विकसित करने का कार्य जारी है। वहीं लटेरी में 130 हितग्राहियों को स्वीकृति दी गई है और 123.63 एकड़ में कार्य प्रगति पर है। कुरवाई में 121, नटेरन में 101, और विदिशा जनपद क्षेत्र में 68 महिलाओं को स्वीकृति मिल चुकी है, जबकि बासौदा में जल्द ही गड्ढा खुदाई और लेआउट का कार्य प्रारंभ होने वाला है। योजना के तहत जिले में कुल 7,600 फलदार पौधे लगाए जा रहे हैं। इनमें मुख्यतः आम और अमरूद की प्रजातियां शामिल हैं। सिरोंज में ही 3500 पौधे लगाए जा रहे हैं। 700 आम और 2800 अमरूद। कुरवाई व विदिशा में 1300 आम और 1400 अमरूद के पौधों का रोपण जारी है। आने वाले वर्षों में इन पौधों से होने वाली आय महिलाओं और उनके परिवारों को आर्थिक स्थिरता प्रदान करेगी।

## हर साल स्थायी आमदनी

मिशन अधिकारियों के अनुसार यह योजना एक बार के निवेश के बाद महिलाओं को हर साल स्थायी आय उपलब्ध कराएगी। इससे न केवल ग्रामीण महिलाओं की आय में वृद्धि होगी, बल्कि गांवों की अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी। यह पहल निश्चित रूप से महिलाओं को लखपति बनाने की दिशा में एक बड़ा और प्रभावी कदम साबित हो रही है।

# त्रिभुवन सहकार विश्वविद्यालय सहकारी शिक्षा में नया आयाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



72वें अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह के द्वितीय दिवस पर विपणन सहकारी संस्था मर्या. कुरवाई में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष हरिसिंह चौहान ने मां सरस्वती को पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में देश में सहकार आंदोलन नई गति पकड़ रहा है। सहकारिता क्षेत्र में शिक्षा और प्रशिक्षण की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए सहकारिता के प्रख्यात जननायक त्रिभुवनदास नाम से सहकारी विश्वविद्यालय की स्थापना एक महत्वपूर्ण कदम है। विश्वविद्यालय में सहकारिता विषय में डिप्लोमा, स्नातक, स्नातकोत्तर एवं पीएचडी की शिक्षा उपलब्ध होगी, जिससे युवाओं को नए रोजगार अवसर मिल सकेंगे। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी की सहकारिताएं और आर्थिक विकास थीम के तहत बदलते आर्थिक परिवेश में सहकारिताएं युवाओं के लिए नई संभावनाएं खोल रही हैं। यह जानकारी प्रभारी प्रबंधक योगेन्द्र सोनी ने दी।

**हिन्दू संगठन के धरना प्रदर्शन के बाद सकते में आई पुलिस, गंभीर धाराओं में मामला दर्ज**


## जिलेभर में पुलिस की कार्रवाई के विरोध में जगह-जगह धरना प्रदर्शन तथा चक्काजाम, परिजन लगा रहे मनमानी का आरोप

# पुलिस मान रही आत्महत्या, परिजनों का आरोप हुई हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

थाना बाड़ी के तहत गांव पाली में रहने वाले मृत रोहित चौधरी 20 वर्ष के माता पिता मालती बाई, सुरेश चौधरी ने बाड़ी पुलिस पर मारपीट के आरोप लगाए हैं कि उनके मृत बेटे के हत्यारों को बाड़ी पुलिस बचाने का प्रयास कर रही है। मृतक युवक रोहित चौधरी मामले में मृतक के माता-पिता ने मीडियाकर्मियों के सामने कैमरे में यह बयान जारी किया है कि उनके पुत्र की हत्या हुई है। जबकि बाड़ी पुलिस ने इसको आत्महत्या दर्शाते हुए एफआईआर तक दर्ज नहीं की।

मृतक रोहित के परिजनों ने पप्पू आदिवासी महेंद्र सिंधी, सुरेंद्र सिंधी, अभिषेक अदिवासी दीपक धानक बंशी धानक को इस हत्या के आरोपी ठहराते हुए जिला व पुलिस प्रशासन के आला अफसरों से गुहार लगाई है। इस मामले में मृतक रोहित के परिजनों को न्याय दिलाने अहिरवार समाज संघ आगे आया है और विरोध जताते हुए मृतक रोहित को इंसाफ दिलाने जलती हुई मोमबत्ती हाथ में लेकर जुलूस निकाला।



इस मामले में परिजनों ने रायसेन एसपी पंकज कुमार पांडे को भी आवेदन दिया ।वहीं बरेली एसडीएम संतोष मुद्गल को भी इस मामले में अहिरवार समाज के द्वारा ज्ञापन दिया गया है मृतक रोहित के परिजनों ने बाड़ी थाने में पदस्थ थाना प्रभारी राजेश तिवारी एवं अन्य दो पुलिसकर्मियों को हटाने की भी मांग की है।

परिजनों का कहना है की बाड़ी पुलिस इस मामले को टाल रही है और आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करने में हीलाहवाली बरत रही है। साथ ही बाड़ी पुलिस आरोपियों को बचाने का भरसक कोशिश कर रही है।

उधर मृतक रोहित के माता-पिता ने कहा हम चाहते है पुलिस द्वारा इस मामले की हर पहलू की बारीकी से जांच की जाए और और कार्यवाही कर बेटे के हत्यारों पर हत्या का मामला दर्ज कर कड़ी सजा दी जाए।

## प्रदर्शन के बाद गंभीर धारा में मामला दर्ज



**रायसेन।** शहर के वार्ड 13 ताजपुर मोहल्ला में बीते दिन कुछ लोगों ने राहुल नामक युवक पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर घायल कर दिया था। घायल राहुल, जो मूल रूप से खुरई का निवासी है और अपने दोस्त के घर आया था, जहां उस पर हमला कर दिया। परिजन घायल युवक को लेकर कोतवाली पहुंचे, लेकिन जहां पुलिस ने उनकी सुनवाई नहीं की। 3 दिन तक जब सुनवाई नहीं हुई तो परिजन हिंदू संगठन के साथ थाने पहुंचे, जहां धरना प्रदर्शन कर आरोपियों पर गंभीर धाराएं लगाने की मांग की गई। पुलिस द्वारा समझाइश के बाद धारा 396(बी), 119(1), 115(2), 118(1), 333 व धारा 3(5) के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

## बंद लाइन में आया करंट, हेल्पर की मौत



### गुस्साए परिजनों ने हाईवे पर लगाया चक्काजाम

**बेगमगंज।** बिजली कंपनी की लापरवाही से बिजली घर में 6 साल से पदस्थ हेल्पर अर्जुन आदिवासी पुत्र दरियाब सिंह आदिवासी निवासी ग्राम रमपुरा की रविवार को बिजली सुधार कार्य करते समय बिजली करंट लगने से हेल्पर युवक अर्जुन आदिवासी की दुखद मौत हो गई।

बताया जा रहा है कि डीपी पर लाइट का मरम्मत कार्य करने परमिट लिया था, लेकिन सुधार कार्य के दौरान अचानक बिजली आपूर्ति लाइन चालू हो गईं। जिससे हेल्पर अर्जुन आदिवासी की बिजली करंट लगने से दुखद मृत्यु हो गई। इस उपरांत परिवारजनों और गुस्साई भीड़ के साथ बिजली ऑफिस पहुंचकर। नारेबाजी करते हुए ऑफिस के सामने लगभग 2 घंटे तक लगातार धरना प्रदर्शनकिया। नाराज भीड़ और मृतक के परिजन न्याय दिलाने के लिए बिजली विभाग स्थानीय पुलिस प्रशासन से मांग की, लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों ने उनकी माँग को स्वीकार किया।

कांग्रेस विधायक देवेंद्र पटेल भी धरना स्थल पर पहुंचे और उचित न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। बेगमगंज बिजली कंपनी, तहसीलदार एवं पुलिस प्रशासन ने परिवार को उचित मुआवजा राशि ओर मृतक के पुत्र को सरकारी नौकरी एवं दोषियों के ऊपर सख्त कार्रवाई करने का आश्वाशन दिया, तब कहीं भीड़ ने चक्काजाम समाप्त करने का ऐलान किया।

## पांच करोड़ से निर्मित दो पुलों का केंद्रीय मंत्री ने किया लोकार्पण

### ग्रामों का विकास भी अब महानगरों की तर्ज पर किया जाएगा : शिवराज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी


आदिवासी अंचल के ग्राम नारायणपुर पहुचें केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान मप्र ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण द्वारा निर्मित 2 पुलों का लोकार्पण करते हुए जनता को समर्पित किए। पुलों के निर्माण तथा लोकार्पण होने से आवागमन ना केवल सुविधाजनक हो गया, बल्कि रोजगार के नवीन अवसर भी पैदा होगें। 5 करोड़ से अधिक की स्वीकृत राशि से आदिवासी अंचल के ग्राम मरेठी से घोघरी तथा प्रतापगढ़ से सेमराखास के बीच बहने वाली नदी पर पुलों का निर्माण कराया गया है। दोनों ही पुलो की लंबाई 156 मीटर हैं।

केंद्रीय मंत्री चौहान ने लोकार्पण करते हुए बताया कि कि बरसात के दौरान भी आवागमन बगैर अवरोध के सुचारु रुप में संचालित होगा। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार ग्रामो के विकास को लेकर लगातार कार्य कर रही हैं।

कार्यक्रम के दौरान ही केंद्रीय मंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही रामकृष्ण आदिवासी के निर्मित आवास का लोकार्पण करते हुए हितग्राही को नवीन आवास में प्रवेश कराया। कार्यक्रम में विशेष रुप से उपस्थित रहे पूर्व विधायक रामपाल सिंह ने कहा कि कुछ लोग सिर्फ भाषण देते हैं, बीच-बीच में दिखाई देते हैं। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा, उपाध्यक्ष दीपक रघुवंशी, मंडल अध्यक्ष पप्पू ठाकुर, राकेश खरे डाबरी आदि मौजूद रहें।

## बालमपुर चौराहे पर पुलिया की रेलिंग से जा टकराई एंबुलेंस

### बड़ा हादसा टला : ड्राइवर को आई मामूली चोटें



**दमोह से मरीज को छोड़कर वापस भोपाल आ रही थी एम्बुलेंस**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

भोपाल विदिशा स्टेट हाईवे पर शनिवार रविवार देर रात भोपाल जा रही एम्बुलेंस पुलिया की रेलिंग से टकरा गई जिससे ड्राइवर को मामूली रूप से मुंह और सर में चोट आई है।

एंबुलेंस ड्राइवर संजय खरे ने बताया कि शनिवार को भोपाल से दमोह मरीज लेकर छोड़ने गया था दमोह मैरिज छोड़कर भोपाल वापस आ रहा था रात 12 बजे के लगभग जैसे ही बालमपुर चौराहा के नजदीक पहुंचा तो एक वाहन सामने आ गया जिसे बचाने में एंबुलेंस क्रमांक एमपी 30 डीए 0417 पुलिया की रेलिंग से टकरा गई। गनीमत रही की एंबुलेंस की गति 50 किलोमीटर प्रति घंटा की थी नहीं तो एंबुलेंस पुलिया में नीचे गिर जाती जिससे मेरा बच पाना नामुमकिन था हालांकि एंबुलेंस सामने से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। सुबह जेसीबी की मदद से एंबुलेंस को भोपाल ले जाया गया। इससे कुछ दिन पहले भी विदिशा से भोपाल की तरफ जा रही एंबुलेंस सेमरा रोड पर पुलिया पर लटक गई थी तब भी एक बड़ा हादसा टल गया था।

क्षेत्र से निकले भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर हादसे रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। इस 40 किलोमीटर मार्ग पर दिन में 4 से 5 दुर्घटनाएं होना आम बात सी हो गई है। इस रोड पर रोजाना 12 हजार के लगभग वाहन रोज निकलते हैं जिससे ट्रैफिक ज्यादा रहने के कारण आए दिन दुर्घटना होती रहती है।

## दुकानदारों ने नहीं रखे डस्टबिन, सड़क पर फैल रहा कचरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

नगर के मुख्य मार्गो पर स्थित व्यवसायिक प्रतिष्ठानो के बाहर डस्टविन ना होने से निकलने वाला कचरा सड़को पर ही फैंका जा रहा हैं। फलस्वरुप सड़कों अकसर ही कचरा देखा जा रहा है। जिसे नागरिकों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। नगर परिषद ने पिछले साल प्लान बनाया था। प्लान के मुताबिक प्रत्येक दुकानों के सामने डस्टबिन रखना अनिवार्य किया था। दुकानदारों को निर्देशित किया गया। कुछ जागरूक दुकानदार ने दुकान के सामने डस्टबिन रखकर उसमें कूड़ा, करकट आदि डालना शुरू कर दिया लेकिन कुछ की मनमानी जारी है। दुकानों के सामने डस्टबिन नहीं रखकर मनमर्जी से हर कही गंदगी डाल रहे हैं। ऐसे दुकानदारों से नपा का जुर्माना वसूलने का भी प्लान थाए लेकिन नपा की तरफ से इस तरफ ज्यादा गंभीरता नहीं दिखाई है।

**लोगों को सहयोग करने की जरूरत**

स्वच्छता की हकीकत जांचने के लिए हर साल स्वच्छता सर्वेक्षण आता है। इसमें स्वच्छता के मामले में अच्छा प्रदर्शन करने वाली नगर पालिका, नगर परिषद को सम्मानित किया जाता है। पिछले कुछ साल से देखे तो सिलवानी नपा की रैंकिंग में काफी सुधार आया है। इसे और बेहतर करने के लिए आमजन को भी सहयोग करने की जरूरत है। इसके लिए गंदगी को हर कही नहीं फेंकना है और एक निर्धारित स्थान या डोर टू डोर वाहन में डालना है।

**इनका कहना है**

नगर परिषद की तरफ से हमेशा ही आमजन, दुकानदारों को डोर टू डोर वाहन में कचरा डालने का कहा जाता है। इस दौरान डस्टबिन में ही कचरा डालने का भी कहते हैं। दुकानदारों को कचरा डस्टविन रखने के निर्देशित किया जाएगा।
- **ऋषिकांत यादव,** नप सीएमओ सिलवानी।

## शिवाजी सेवा सदन विधायक कार्यालय में हुआ बिरसा मुंडा जयंती कार्यक्रम

### भगवान बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों के अत्याचारों से आदिवासियों को मुक्त कराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

शिवाजी सेवा सदन भाजपा विधायक कार्यालय में भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें पूर्व कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त आदिवासी नेता भागचंद ऊईके मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। और अध्यक्षता भाजपा के जिला उपाध्यक्ष योगेश पटेल ने की।

कार्यक्रम के दौरान भगवान बिरसा मुंडा के कार्यो बलिदान और संघर्ष गाथा की विस्तार से चर्चा की गई। भागचंद ऊईके ने कहा कि बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों के अत्याचारों से आदिवासी समाज को बचाने और मुक्त कराने संघर्ष किया धर्म परिवर्तन के प्रयासों का विरोध किया। कहा कि आदिवासी समाज हिंदू समाज का ही हिस्सा है मिशनरियों एवं राजनीतिक दलों पर आदिवासी समाज को बांटने का आरोप भी लगाया।




**इनकी रही उपस्थिति**

भगवान बिरसा मुंडा जयंती पर हुए कार्यक्रम में भाजपा के नगर मंडल अध्यक्ष अभिषेक राजपूत नगर पंचायत के उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत पार्षद चंद्र प्रकाश मेहरा, गोपाल स्वरूप ठाकुर, ग्राम विकास सेवा समिति के चंद्रभान सिंह राजपूत, मनोज भार्गव, हरिचरण बारिवा के साथ भाजपा के कार्यकर्ताओं आदिवासी समाज के लोगों की उपस्थिति रही।

## भागवत कथा है मोक्ष का द्वार: शर्मा

### सप्त दिवसीय संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा का भंडारे के साथ हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

भागवत कथा वास्तव में इंसानों के मोक्ष का द्वार है। श्रीमद् भागवत जीवन का मुख्य आधार होती है। श्रीमन नारायण की 108 बार माला फेरने से नरक से स्वर्ग का दरवाजा खुल जाता है। यह विचार शहर के सुप्रसिद्ध भागवत कथा वाचक पंडित दुर्गा प्रसाद शर्मा ने व्यक्त किए। रविवार की शाम को श्रीराधा कृष्ण मंदिर यादव समाज प्रांगण में चल रही श्रीमद्भागवत कथा का समापन हुआ।

समापन अवसर पर भंडारे का आयोजन किया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। कथा समापन पर श्रीमद्भागवत को पंडित श्री शर्मा ने प्रवचन देते हुए कहा भगवान विष्णु हरि कर्मयोगी कृष्ण की कथा सुनना जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का मार्ग है।

उन्होंने कहा कि भगवान सांसारिक वस्तुओं से प्रसन्न नहीं होते, वे केवल भाव के भूखे होते हैं। सच्चे मन से की गई भक्ति से भगवान स्वयं भक्तों की रक्षा के लिए तत्पर रहते हैं।



कथा के मुख्य जजमान ठाकुर मोहल्ला निवासी कालू राम प्रभा देवी यादव रीतेश यादव परिवार रहा।भंडारा दोपहर बाद से प्रारंभ होकर देर शाम तक चला। जिसमें मंदिर समिति के सदस्य,नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हुए।

भंडारे में पूर्व नपाध्यक्ष राजकुमार यादव उनकी धर्मपत्नी नीतू यादव, डॉ हिमांशु यादव, राजनंदनी यादव, शत्रुघ्न जिझौतिया रामस्वरूप यादव, बालाराम यादव भैरों सिंह आदि ने सहयोग किया।

## किसानों ने सौंपा ज्ञापन, खेत तक जाने वाला रास्ता बंद, अतिक्रमण हटाने की मांग तेज

**सिलवानी।** क्षेत्र के ग्राम चंदपुरा, करेली-चंदपुरा, चिचोली और आसपास के किसानों ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सिलवानी को एक ज्ञापन सौंपकर खेतों तक पहुंचने वाले पुराने पारंपरिक मार्ग को अविलंब खुलवाने की मांग की। किसानों ने बताया कि कुंअरपिपलिया से वेगवा कलां की ओर जाने वाला प्राचीन सार्वजनिक रास्ता वर्षों से ग्रामीणों एवं किसानों की आवाजाही का प्रमुख मार्ग रहा है।

इसी मार्ग का उपयोग करते हुए किसान अपनी कृषि भूमि तक पहुँचते आए हैं, लेकिन ग्राम कुंअर पिपलिया निवासी संतोष रघुवंशी द्वारा दबंगाई के बल पर मार्ग पर अवैध अतिक्रमण कर रास्ता पूरी तरह बंद कर दिया गया है। किसानों ने आरोप लगाया कि पिछले तीन वर्षों से अक्टूबर, नवंबर में इसी तरह रास्ता बंद कर देता है, जिससे फसल कटाई सहित कृषि कार्य बाधित हो जाते हैं।

## गो गोठान, ठहराव, चारागाह की दर्ज भूमियां हो अतिक्रमण मुक्त

# आवारा मवेशियों की समस्या समाधान व गोवंश संरक्षण पर बैठक में हुई चर्चा

*भूमियों पर अतिक्रमण करने वालों से वसूला जाए प्रति एकड़ जुर्माना राशि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

नर्मदा क्षेत्र की प्रमुख सडक़ों ग्रामों बाजार और सार्वजनिक स्थानों पर विचरण करने और डेरा जमा रहने वाली आवारा छुट्टा मवेशी सबसे बड़ी समस्या बनी हुई है। विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के द्वारा क्षेत्र की आवारा छुट्टा मवेशी की विकराल समस्या के समाधान के लिए नर्मदा क्षेत्र के ख्याति प्राप्त कथा व्यास महामंडलेश्वर पूज्य ब्रह्मचारी जी की अध्यक्षता में मानस सत्संग भवन में बैठक हुई। जिसमें चिंतन मनन कर आवारा मवेशियों की समस्या का समाधान करने के उपायों पर चर्चा हुई।

चिंतन मनन बैठक में सबसे अधिक ग्रामों पटवारी हल्का के राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज गौ गोठान और चारागाहों की भूमियों पर हुए अतिक्रमण को हटाने। अतिक्रमण करने वालों से भारी जुर्माना राशि राजस्व विभाग द्वारा वसूलकर गौशालाओ के निर्माण व्यवस्थाओं पर खर्च करने की मांग रखी गौ संरक्षण सुरक्षा संवर्धन सभी सनातनी हिंदुओं का दायित्व है। आवारा छुट्टा मवेशी की समस्या कांजी हाउस बंद हो जाने के साथ गोपालको द्वारा दूध न देने वाले गोवंश को आवारा छुट्टा छोड़ कर उत्पन्न की गई है। जिससे मवेशी और इंसान दोनों की मौत और घायल हो रहे हैं समाधान भी किसानों पशुपालकों एवं ग्रामीणों को करना है।

तभी सरकारी और सामूहिक प्रयासों से बरेली क्षेत्र छुट्टा आवारा मवेशी की समस्या से मुक्त हो पाएगा।



**गो माता शक्ति जगत जननी**

बैठक के दौरान निराला समिति के अध्यक्ष साहब सिंह धाकड़ संरक्षक पत्रकार सुरेश बिदुआ हिंदू उत्सव समिति के पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम पालीवाल,ठाकुर भगवत सिंह (हरसिली) डॉक्टर नवीन जैन, मदन लाल दीक्षित, कमल किशोर शर्मा (जामगढ़) पंडित चंद्रकांत जी शास्त्री ने विचार व्यक्त किए पूज्य ब्रह्मचारी जी ने कहा कि गाय सामान्य पशु नहीं है। शक्ति है जगत जननी है संसार का निर्माण गाय के कारण हुआ है। यदि गोवंश की ऐसी ही उपेक्षा होती रही भूखी प्यासी बेसहारा दर-दर की ठोकरे खाती रही तो धरती और मानव जाति पर अभिशाप और अंत निकट है। गाय का संरक्षण संवर्धन सुरक्षा से ही धरती पर जीवन बचेगा।

ब्रह्मचारी जी ने कहा कि धर्म दूसरों को सुख देने होता है ऐसा न होने पर बुद्धिमान दूषित हो रहा है और विभिन्न समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। गाय की सेवा उसके आवास भोजन की व्यवस्था जरूरी है इसके लिए नरवाही में आग न लगाकर भूसा बनाया जाए। राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज भूमियों को अतिक्रमण मुक्त किया जाए गांव-गांव बैठकें कर जागरूकता पैदा की जाए और 5-10 ग्रामों के बीच गौशालाओं का निर्माण करना जरूरी है। संचालन प्रेमनारायण साहू एवं देवी जैन द्वारा किया गया।

## तहसील में 12 गोशाला के बाद भी सड़कों पर भटक रहे गोवंश

### गोशालाओं को शासन से मिलता है अनुदान

**4 करोड़ से अधिक राशि हुई गोशाला निर्माणि कार्य में खर्च**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

प्रदेश सरकार द्वारा तहसील भर में मनरेगा के तहत विभिन्न ग्रामों में गोवंश के लिए 12 गोशालाओं का निर्माण कराया है। जहां कि करीब 16 सौ गौवंश को रखे जाने की व्यवस्था है। इन गौशालाओं को गौवंश के चारा पानी आदि व्यवस्थाओं के लिए प्रतिमाह तय राशि भी दी जाती है।

इसके बाद भी सड़कों पर मवेशियों की संख्या बढ़ती जा रही है। हैरत की बात ये है गौशाला होने के बाद भी अनेकों गोवंश सड़कों पर घूम रहा है। इन गोवंश की वजह से आए दिन सड़कों पर हादसे होते है। सबसे ज्यादा मवेशियों की वजह से सड़क हादसे होना बताया जा रहा है। जिसमें अनेंको मवेशियों ने हादसों में अपनी जान गवाई है। इसके साथ ही आने वाले दिनों में भी इन बेसहारा मवेशियों की व्यवस्था नहीं की जाती है तो और भी हादसों में लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ सकती है।

नगर के बजरंग चौराहे से चारों तरफ हाइवे निकले हुए है। ऐसे में सबसे ज्यादा बेसहारा गोवंश इन्हीं हाइवे पर घूमता है। जिससे आए दिन सड़कों पर मवेशियों की वजह से हादसे होते है। बल्कि जाम की स्थिति भी निर्मित होती है।आए दिन शहर की सड़कों के साथ रहवासी कालोनियों में यह मवेशी लोगों पर हमला कर घायल कर देते है।